**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–21.05.2024 (संध्या 1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **राज्य में अंतिम दो चरणों के लिए चुनाव प्रचार तेज, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बोकारो में कहा–झारखंड में झामुमो के सत्ता में आने के बाद शुरू हुआ भ्रष्टाचार का सिलसिला।**
2. **दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जमशेदपुर में की चुनावी सभा, कहा– केंद्र के इशारे पर हेमंत सोरेन को भेजा गया जेल, कल्पना सोरेन ने सरायकेला में की चुनावी सभा।**
3. **उच्चतम न्यायालय में पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की जमानत याचिका पर आज सुनवाई नहीं हो सकी पूरी, कल होगी मामले की सुनवाई।**
4. **खूंटी में यात्रियों से भरी बस पलटी, एक दर्जन से अधिक यात्री घायल, लोहरदगा में ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत, कोडरमा के आंगनबाड़ी केन्द्र में करंट से बच्चे की मौत।**

5. **आईपीएल क्रिकेट का पहला क्वालीफायर मुकाबला आज, सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा मैच।**

*******************

देश के रक्षा मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने धनबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में आज बोकारो में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा की उपलब्धियां गिनाते हुए कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा पर निशाना साधा। श्रीसिंह ने कहा कि झारखंड में भाजपा के तीनों मुख्यमंत्री बेदाग रहे हैं और झामुमो की सरकार बनते ही यहां भ्रष्टाचार का सिलसिला शुरू हो गया है।

श्रीसिंह ने कहा कि सरकार देश और समाज बनाने के लिए बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व के कल्याण के लिए भारत को महाशक्ति बनाना चाहती है। यही भाजपा और अन्य पार्टियों की सोच में अंतर है। अंत में उन्होंने ढुल्लू महतो को धनबाद लोकसभा सीट से जिताने की अपील की।

*******************

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज जमशेदपुर में इंडी गठबंधन की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड और दिल्ली सरकार को तोड़ने के लिए मुख्यमंत्रियों को जेल में डाला गया। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के इशारे पर हेमंत सोरेन को जेल में डाला गया है।

श्रीकेजरीवाल ने लोगों से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती को जिताने की अपील की। वहीं मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार आयेगी तो युवाओं को स्थायी नौकरी मिलेगी। इस मौके पर हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता समेत कई नेता मौजूद रहे।

*******************

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने आज सरायकेला–खरसावां जिले के चांडिल में इंडी गठबंधन की चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को जिताने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनके पति हेमंत सोरेन बेकसूर और निर्दोष हैं। श्रीमती सोरेन ने कहा कि आदिवासियों के साथ साजिश कर भाजपा सरकार उनके हक और अधिकार को खत्म करना चाह रही है। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने भी रैली को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा।

*******************

आकाशवाणी रांची के निदेशक दुर्गा चरण हेम्ब्रम ने 25 मई को रांची में होने वाले मतदान को लेकर आकाशवाणी परिवार रांची से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से मतदान करने की अपील की है। श्री हेम्ब्रम ने सभी से कहा कि मतदान आपका अधिकार भी है और कर्तव्य भी है इसलिए 25 मई को आप अपने परिवार के साथ बूथ जाकर मतदान अवश्य करें।

*******************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बेहतर करने में युवाओं की बड़ी भूमिका रही है। मतदान के दिन हर घर से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक कर बूथ तक लाना एनएसएस सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े लोगों और जागरूक नागरिकों की बड़ी जिम्मेदारी है। श्री कुमार आज रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में मतदाता जागरुकता समापन समारोह तथा सम्मान समारोह सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

*******************

गोड्डा जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसे लेकर आज गोड्डा कॉलेज में यूथ टू बूथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं सैकड़ो छात्र–छात्राओं की उपस्थिति में सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली, भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

*******************

कोडरमा संसदीय क्षेत्र की सभी ईवीएम आज गिरिडीह के पचम्बा कृषि उत्पादन बाजार समिति के गोदाम में सील कर दी गई। इस मौके पर सभी राजनीतिक दलों के नेता उपस्थित थे। गिरिडीह के उपायुक्त सह कोडरमा संसदीय क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी नमन प्रेयस लकड़ा ने बताया कि वज्रगृह की सुरक्षा में अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वज्र गृह को सील किया गया है।

*******************

कोडरमा लोकसभा के लिए कल हुए मतदान में अलग–अलग थीम पर बनाए गए बूथों की मतदाताओं ने सराहना की। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*******************

उच्चतम न्यायालय में आज जमीन घोटाले मामले में जेल में बंद राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। इस मामले में अगली सुनवाई कल होगी । बता दें कि हेमंत सोरेन ने लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी और गठबंधन का प्रचार करने के लिए जमानत मांगी है। इससे पहले उनकी जमानत याचिका झारखंड उच्च न्यायालय से खारिज हो चुकी थी जिसे उन्होंने उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है।

*******************

ईसीएल की राजमहल परियोजना में मुआवजा भुगतान के मामले में रिश्वत लेते गिरफ्तार चीफ मैनेजर परमेश्वर यादव, डिप्टी मैनेजर सिविल विपिन कुमार और सहायक राजस्व निरीक्षक पवन महतो को धनबाद सीबीआई की टीम ने आज अदालत में पेश किया। अदालत ने तीनों आरोपियों को चार दिनों की सीबीआई हिरासत में भेजे जाने का आदेश दिया है। बता दें कि कल सीबीआई ने तीनों अधिकारियों को 25–25 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा था।

*******************

गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में आज समाहरणालय में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया । इस दौरान आवेदनों पर सुनवाई करते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभागों को समस्याओं के समाधान का निर्देश दिया।

*******************

डालटनगंज के शहर थाना क्षेत्र में संचालित बालिका गृह से दो नाबालिग बहनें आज अहले सुबह भाग गयी थीं जिन्हें आधे घंटे में बरामद कर लिया गया। दोनों तीन तल्ला बालिका गृह की बिल्डिंग से शौचालय पाइप के सहारे नीचे उतरकर भागी थीं।

*******************

खूंटी जिले के अड़की थाना क्षेत्र में आज यात्रियों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गये हैं। इधर लोहरदगा के कैरो थाना क्षेत्र में आज ट्रैक्टर पलटने से एक युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खेत में जा पलटा, जिससे दबकर युवक की मौत हो गई। उधर कोडरमा के पूरनानगर स्थित राजबागी आंगनबाड़ी केंद्र में करंट लगने से एक सात वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी केंद्र में जमकर हंगामा मचाया।

*******************

आईपीएल क्रिकेट के पहले क्वालीफायर मुकाबले में आज सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। यह मैच अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। वहीं दूसरा क्वालीफायर मुकाबला इसी मैदान में कल राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के बीच होगा। आईपीएल का फाइनल मैच रविवार को खेला जाएगा।

********समाप्त********